हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

4 नवधा रामायण में भगवान श्रीराम के चरित्रों का किया जा रहा वर्णन

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

अग्निवीर बनने आधी रात से शुरु हुई दौड़...

जांजगीर-चांपा। पुलिस लाइन खोखराभाठा जांजगीर में इन दिनों आठ दिवसीय सेना भर्ती रैली चल रही है। इस रैली में सीईई परीक्षा पास 68 सौ से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। अग्निवीर भर्ती के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के 5 जिलों (जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, मुंगेली और बेमेतरा) के कुल 1269 युवाओं को प्रथम दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 1076 उम्मीदवार पहुंचे। इनमें से 428 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस लाइन खोखराभाठा पहुंचकर अग्निवीर सेना भर्ती एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सेना भर्ती में भाग ले रहे अभ्यर्थियों से चर्चा की तथा उनका उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दी। सेना भर्ती कार्यालय से राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप

बिना किसी पूर्व सूचना के ग्रामीण क्षेत्रो में घंटो बिजली सेवा बाधित

जांजगीर-चाम्पा। सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में मौसम साफ होने के बाद भी घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है, इसके चलते जहां लोग अंधेरे में रात गुजारने विवश होते है, वहीं जहरीले जीव जन्तुओं का खतरा भी हमेशा बना रहता है।

पीथमपुर को जोड़ने वाला मार्ग बद् से बद्तर

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

क्रिसमस की तैयारी में जुटे मसीही समाज के लोग

जांजगीर-चांपा। मसीही समाज से जुडे लोगों के द्वारा सोमवार 25 दिसम्बर को क्रिसमस का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन समाज से जुडे लोगों के द्वारा सद्भावना रैली का आयोजन कर विश्व शांति के लिए प्रार्थना आयोजित किया जाएगा। समाज से जुड़े लोग बडी संख्या में जांजगीर-नैला, चाम्पा, सक्ती] अकलतरा सहित अन्य क्षेत्रों में भी है। ऐसे में उन्हें उन्हें क्रिसमस के आने का बेसब्री से इंतजार है। वहीं समाजिक लोगों के द्वारा पहले बैठक कर कार्यक्रम के संबंध में रूपरेखा तैयार की जाएगी।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा 30 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः ही जिम्मेदार होंगे।

डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखदा की घटना, जांच में जुटी पुलिस

कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत, आठ घंटे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-डभरा

कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर 8 घंटे चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस बीच प्रशासन के द्वारा 25 हजार रूपए मुआवजा दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ। घटना डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सुखदा की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार शनिवार 16 दिसम्बर सुबह 9 बजे डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया निवासी अंजिक्य खुंटे किसी काम से डभरा गया हुआ था। वह काम निपटाकर अपने गांव कौड़िया जाने के लिए निकला। इस बीच वह ग्राम पंचायत सुखदा के पास ही पहुंचा था, तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में अजिक्य गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन का चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। इधर मामले की जानकारी सामने आने पार लोगों की भीड इकट्ठा हो गई। साथ ही साथ घटना की जानकारी डभरा पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इस बीच ग्रामीण मुआवजा सहित अन्य मांगो को लेकर डभरा-सुखदा मार्ग पर आठ घंटे चक्काजाम कर दिया, जिसके चलते सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस बीच प्रशासन के द्वारा 25 हजार रूपए की सहायता राशि दिए जाने के उपरांत मामला शांत हुआ। तत्पश्चात मृतक अंजिक्य के शव को पंचनामा उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए सीएचसी डभरा ले जाया गया, जहां पीएम की कार्यवाही पश्चात परिजनो को सौंप दिया गया। बहरहाल पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

सड़क पर बैठे ग्रामीण।

घटनाकारित वाहन और मौके पर जुटी भीड़।

सुबह मां ने तो रात में पिता ने खा लिया जहर, दोनों की मौत, 4 बच्चे हुए अनाथ

सेमरिया में पति-पत्नी ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दाम्पत्य जीवन में चल रहे वाद-विवाद से क्षुब्ध होकर पत्नी ने सुबह जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पति जब घर लौटा तो उसे इसकी जानकारी हुई। इसके बाद रात में उसने भी कीटनाशक पीकर अपनी जान दे दी। पति-पत्नी की आत्म हत्या के बाद उनके चार बच्चे अनाथ हो गए है। घटना पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सेमरिया की है।

मिली जानकारी के अनुसार सेमरिया निवासी शत्रुघन गोड़ पिता छोटेलाल गोड़ उम्र 40 साल का उसकी पत्नी सावित्रीबाई गोड उम्र 35 साल के साथ शुक्रवार की सुबह किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इसके बाद पति शत्रुघन अपने काम से निकल गया, जब वापस घर आया तो देखा तो उसकी पत्नी अचेत अवस्था में घर में पड़ी हुई थी। उसे लेकर वह पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर घर पहुंचा। रात होने की वजह से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया गया था। सुबह अंतिम संस्कार करने की तैयारी थी। रात में शव को घर के बरामदे में रखकर पति शत्रुघन, पंच बलराम, कन्हैया और उसकी मां और भाई वहीं बैठे थे। इसी दौरान रात लगभग 12 बजे के आसपास शत्रुघन घर के अंदर गया और उसने भी कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद वह इधर-उधर टहलता रहा, फिर कुछ दूर जाने के बाद घर के पास ही गिर गया, जिसे देखकर मौजूद सभी लोग उसे उठाए तो देखा कि उसके मुंह से झाग निकल रहा था, उसे तत्काल पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर गांव में आग की तरह फ़ैल गई। किसी को यकीन नहीं आ रहा था की एक ही दिन में घर पूरी तरह तबाह हो गया। दोनों के 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिसमें बड़ा 6 साल का लड़का, साढ़े साल की लड़की, 3 साल लड़का और 2 साल लड़का है, जिनके सिर से माता-पिता का हाथ उठ गया। शनिवार की शाम 4 बजे जांजगीर से पति का शव गांव पहुंचा तो मासूम बच्चों की चीख पुकार के साथ परिजन और आसपास के लोगों की आंखें छलक उठी। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

लोहे के एंगल की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसईसीएल छाल के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी द्वारा लोहे के एंगल की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद छाल पुलिस ने चोरी गए समान सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में रमेश दास महंत द्वारा थाना छाल में 14 दिसंबर की रात्रि छाल उपक्षेत्र में एसईसीएल के बंद पडे सीएचपी में एक व्यक्ति गैस कटर से लोहे के कल पूर्जो को काटते चोरी करते समय त्रिपुरा स्टेट रायफल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा पकड़े जाने के सबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना छाल में पकड़े गए आरोपी रवि चौहान पर धारा 379, 511 के तहत अपराध कायम कर छाल पुलिस द्वारा आरोपी रवि चौहान पिता गंगाधर चौहान उम्र 39 साल निवासी बुधवार चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा छत्तीसगढ़ को हिरासत में लिया गया जिससे 01 एलपीजी गैस सलेण्डर, 01 नग आक्सीजन सलेंण्डर, 01 नग गैस कटर पाईप जब्त किया गया है। आरोपी रवि चौहान को छाल पुलिस द्वारा शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

तापमान में गिरावट के साथ ही पड़ने लगी कड़ाके की ठंड

जांजगीर-चांपा। तापमान में लगातार आई गिरावट के बाद ठंड बढ़ने लगी है। लोग अब दिन में भी गर्म कपड़ों में नजर आ रहे है। दुकानों में इसकी बिक्री भी बढ़ गई है। अब दमा, श्वास एवं अस्थमा बीमारी से प्रभावित मरीजों को सतर्क रहने की ज्यादा जरूरत है। तापमान में गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ने लगी है। वही दिन एवं रात के तापमान में दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों की ज्यादा जरूरत पड़ती रहती है। ठंड के मौसम में छोटे बच्चों एवं बुजुर्गो को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर श्वास अस्थमा एवं दमा से प्रभावित मरीजों को ठंड के मौसम में ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। ठंड बढ़ने के साथ ही साथ गर्म कपड़ों की मांग बजारों में बढ़ गई है। वहीं दुकान संचालकों के द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए अपने दुकानों में बेचने के लिए गर्म कपडे पहले से ही आर्डर करा कर मंगा लिया था। उनका कहना है कि ठंडी बढ़ने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।

गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस कल

जांजगीर-चाम्पा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सोमवार 18 दिसबंर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. (घघ कंपोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा, जांजगीर एवं भंडारण भंडागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

पामगढ़ थाना के ऊपर लगा टेंट, जहां डीजे पार्टी आयोजित की गई थी।

अंगूठा मशीन में एक्सेप्ट नहीं कर पाने के चलते बढ़ गई दिक्कतें

पीडीएस दुकानों में सर्वर डाउन की समस्या उपभोक्ताओं को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पीडीएस दुकानों में सर्वर डाउन की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंगूठे का निशान मशीन में एक्सेप्ट नहीं कर पाने के चलते ग्राहकों को बड़ी दिक्कत हो रही है। कई उपभोक्ता बिना चावल लिए ही घर चले जा रहे हैं। जिम्मेदार अफसर समस्या को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर 730 से अधिक पीडीएस सरकारी राशन दुकानों का संचालन किया जा रहा है। दुकान का संचालक स्वास्थ्य सहायता समूह ग्राम पंचायत एवं सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से भी किया जा रहा है। इधर देखा जाए तो सर्वाधिक परेशानी सर्वर डाउन समस्या के चलते हो रही है। पीडीएस दुकानों में आए दिन सर्वर डाउन की समस्या के कारण ग्राहकों को समय पर चावल शक्कर एवं नमक का वितरण नहीं हो पाए रहा है। इस तरह की समस्या ज्यादातर पीडीएस दुकानों में देखने को मिल रही है। इसके अलावा मशीन में अंगूठे का निशान एक्सेप्ट नहीं कर पाने के चलते भी ग्राहकों को बिना चावल लिए ही बैरंग लौटना पड़ रहा है। खासकर ऐसे बुजुर्ग पीडीएस उपभोक्ता जिनकी उम्र 70 से अधिक वर्ष हो गई है ऐसे में उनके अंगूठे का निशान मशीन से मैच नहीं कर पा रहा है। इस तरह की समस्या छोटे बच्चों में भी देखने को मिल रही है, जहां फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो पाने के चलते राशन पानी में परिवार के सदस्यों को दिक्कतें आ रही है। जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले को मिलाकर 4 लाख 90 हजार से अधिक राशन कार्ड अधिकारियों की संख्या है वहीं करीब 16 लाख परिवार एपीएल, बीपीएल, प्राथमिकता, निराश्रित, दिव्यांग समेत अन्य तरह के राशन कार्ड भी बनवाए हैं, लेकिन समय पर राशन नहीं मिल पाने के चलते ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ जाती है।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान में राशन लेने पहुंचे हितग्राही।

बनाई जाएगी व्यवस्था

पीडीएस दुकानों में पात्र लोगों को योजना के तहत राशन की सुविधा दी जा रही है। सर्वर डाउन की समस्या को लेकर जानकारी ली जाएगी। साथ इसके लिए आवश्यक व्यवस्था भी बनाई जाएगी।

-**कौशल प्रसाद साहू,**
जिला खाद्य अधिकारी
जांजगीर-चांपा

डीजे चलाकर थाना की छत पर नाचे पुलिस के जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय पामगढ़ में पुलिस थाना का पूरा स्टाफ छत पर डीजे की धून पर थिरक रहा था, अवसर था स्टाफ के एक अधिकारी के जन्मदिन समारोह का। पुलिस थाना में रात के समय छत पर डीजे बजाकर नाच गाकर जन्मदिन जश्न मनाने के इस तरह के पहले आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक का शुक्रवार 15 दिसंबर को जन्मदिन था। अपने इस उपनिरीक्षक का जन्मदिन मनाने प्रभारी के साथ पूरे स्टाफ ने थाना के छत पर टेंट लगाकर जबरदस्त व्यवस्था की। पहले तो केक काटकर जन्मदिन की बधाई देने की औपचारिकता हुई। इसके बाद तेज आवाज में डीजे बजाकर अधिकारी के साथ पूरा स्टाफ थिरकने लगा। पुलिस थाना की छत पर आयोजित जन्मदिन और डीजे पार्टी का दौर देर रात तक चला। इसको लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं भी हो रही है। लोगों का कहना है कि थाना में इसके पहले भी जितने अधिकारी रहे हैं उस समय भी बर्थडे सेलिब्रेशन होता था, मगर रात में छत पर डीजे बजाकर पुलिस अधिकारी और स्टाफ के नाचने का यह पहला नजारा है।

खबर संक्षेप

सी-केयर्स पोर्टल से कोल कर्मी कर सकेंगे आनलाइन क्लेम

कोरबा। नए वर्ष से कोयला भविष्य निधि में आनलाइन क्लेम सेटलमेंट होगा। आनलाइन क्लेम से सीएमपीएफ कार्यालय का चक्कर लगाने से कोयला कर्मियों को मुक्ति मिल जाएगी। सी-केयर्स पोर्टल में कोयला कर्मियों से संबंधित आंकड़े एवं लेजर एंट्री का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। पिछले सप्ताह कोयला सचिव ने सीएमपीएफ कमिश्नर के साथ समीक्षा बैठक में एक जनवरी से आनलाइन क्लेम सेटलमेंट शुरू करने को कहा है। आनलाइन क्लेम सेटलमेंट के लिए सी-केयर्स पोर्टल तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल के माध्यम से ही सेवानिवृत्ति के बाद पीएफ राशि निकासी के लिए क्लेम किया जाएगा। उक्त पोर्टल पर ही कोलियरी, एरिया से लेकर कोयला भवन तक क्लेम को फाइनल कर आनलाइन फाइल सीएमपीएफ को भेजी जाएगी। इसके बाद सीएमपीएफ की ओर से क्लेम सेटलमेंट कर पीएफ की राशि आनलाइन बैंक खाते में भेज दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने 7.6 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दी है। कोयला खान भविष्य निधि (सीएमपीएफ) ने वित्तीय वर्ष-2022-23 के लिए विगत व सितंबर माह में बोर्ड बैठक में 7.6 प्रतिशत ब्याज दर का निर्णय लिया स था। बोर्ड के उक्त प्रस्ताव को वित्त नि मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

छग पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक

कोरबा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 22 वक़्त प्रांतीय पेंशनर दिवस सह सम्मान 17 दिसंबर को भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर मे मोहन मंडावी सांसद कांकेर के मुख्य आतिथ्य में मनाया जा रहा है। कोरबा जिला के लगभग 30 पेंशनर साथी सम्मलित हो रहे हैं। जिला शाखा कोरबा की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी गई तथा उनसे पेंशनरों को शीघ्र ही 4 प्रतिशत मंहगाई राहत देने का आग्रह किया गया। बैठक मे आर के शर्मा अध्यक्ष, प्यारेलाल चौधरी, नन्द राम बाविस्टाले, गोपाल प्रजापति, जे पी श्रीवास्तव, एस एस तोमर, सी पी एस चंदेल, पी एल चौहान, डी आर निर्मलकर उपस्थित रहे।

ग्राम फत्तेगंज में सात दिवसीय विशेष शिविर

कोरबा। पीजी कॉलेज की द्वारा प्राचार्य डॉ. साधना खरे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में ग्राम फत्तेगंज में सात दिवसीय विशेष शिविर 7 से 13 दिसंबर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए विभिन्न अधोसंरचना का निर्माण, जल संरक्षण पर सोख्ता गड्ढा का निर्माण, नाले पर अस्थायी डैम का निर्माण, स्कूल बाउंड्री का पुनर्निमाण, रखरखाव, साफ-सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल और मधु कंवर के पथ प्रदर्शन एवं निर्देशन में शासकीय हाईस्कूल जूनापारा परिसर फत्तेगंज के बाउंड्री का पुनर्निमाण एवं पुनरोद्धार किया गया। बाउंड्री वाल ईंट, सीमेंट, रेती से स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान के माध्यम से 50 फ़ीट लंबी और 5 फ़ीट चौड़ी निर्माण किया गया। हाई स्कूल परिसर में पानी की बर्बादी रोकने व जल का संरक्षण के लिए पक्के सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया। जिसकी औसत साइज 3 फ़ीट लंबाई, 3 फ़ीट चौड़ाई एवं 3 फ़ीट गहराई का बनाया गया। इसी क्रम में धामभाठा सोननाला में अस्थायी डैम का निर्माण रेती, पत्थर और मिट्टी से भरे हुए बोरी से कराया गया ताकि आसपास के लोगों के नहाने, घरेलू कार्य एवं सब्जी बाड़ी, खेती के काम आ सके। जुनापारा तालाब के पचरी का साफ-सफाई एवं रख-रखाव किया गया।

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों का मामला

रोजगार की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर जड़ा ताला, किया धरना- प्रदर्शन

सीजीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

मौके पर तैनात सीआईएसएफ व पुलिस के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों ने तीन माह के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर पहले चरण के तहत दीपका कार्यालय में ताला बंदीकर धरना प्रदर्शन किया। सुबह से ही अक्रोशित भूविस्थापित जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करने लगे। जिसकी वजह से अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके और घंटों तक कामकाज प्रभावित रहा। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ और पुलिस के जवान तैनात रहे। आखिरकार सात सदस्यीय अधिकारियों की टीम को बिलासपुर रवाना किया गया। जिनके द्वारा लंबित रोजगार प्रकरणों के निपटारे का प्रयास किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दीपका प्रभावित भूविस्थापितों द्वारा लंबित रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। भूविस्थापितों ने मांगों को पूरा करने प्रबंधन को 90 दिन का अल्टीमेटम दिया था। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर को तालाबंदी व 25 को खदानबंदी आंदोलन की चेतावनी दी थी। भूविस्थापितों के चेतावनी के बाद भी प्रबंधन ने मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। जिससे आक्रोशित भूविस्थापितों ने समय सीमा पूरा होने पर दीपका जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और धरना प्रदर्शन करने लगे।भूविस्थापित सुबह 8 बजे ही मुख्य द्वार पर एकत्र हो गए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। आंदोलन को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन की वजह से अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके। जिसकी वजह से कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन की वजह से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई। लगभग 7 घंटे तक भूविस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। उल्लेखनीय है कि भूविस्थापित वर्ष 1986 के लंबित रोजगार के प्रकरण को लेकर पिछले 11 सितंबर से शांतिपूर्वक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। रोजगार के मसले को लेकर एसईसीएल दीपका प्रबंधन रुचि नहीं ले रही है। यही वजह है कि भूविस्थापितों ने समय सीमा पूरी होने पर कार्यालय में तालाबंदी का ऐलान किया था। भूविस्थापितों का आरोप है कि लंबित रोजगार के प्रकरण के कार्य पूरा हो चुका है। अब प्रबंधन द्वारा जॉइनिंग लेटर इशू करना चाहिए। धना प्रदर्शन के दौरान प्रबंधन के अधिकारी के द्वारा आक्रोशित भूविस्थापितों को समझाइस का प्रयास किया गया। बावजूद इसके भूविस्थापित ग्रामीण अपने लंबित रोजगार के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन पर अड़े रहे। प्रभावित ग्रामीणों ने मुख्य द्वार को जाम कर कर दिया था जिसकी वजह से ऑफिस के कामकाज के लिए आए अधिकारी मुख्यद्वार के जाम में फंसे रहे।

खास बात

- मांगें पूरी नहीं होने पर तालाबंदी व कामबंद हड़ताल की दी है चेतावनी

सात अधिकारी मुख्यालय रवाना

भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए दीपका के 7 अधिकारी सीटर जनरल बिलासपुर के अधिकारी से रोजगार के मसले को लेकर एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय रवाना हुए हैं। बताया गया है कि पुराने लंबित रोजगार की अनुशंसा व रास्ता निकालकर रोजगार देने की बात दीपका प्रबंधन के अधिकारी द्वारा कही गई है साथ ही बिलासपुर से वापसी के बाद भूविस्थापितों के साथ बैठक कर जानकारी दिया जाएगा। यह जानकारी दीपका के डिप्टी जीएम व नोडल अधिकारी ने आंदोलनरत भूविस्थापितों को कही है।

दैहिक शोषण के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया गया था। जब युवती गर्भवती हो गई तो युवक शादी से मुकर गया था। युवती के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे धारा 376 (2)(एन) के तहत 10 वर्ष शासन कारावास की सजा सुनाई गई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। यहां निवासरत ओमप्रकाश दिवाकर ने वर्ष 2022 में युवती को शादी करने का वादा कर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था। जिससे युवती गर्भवती हो गई थी। जब पीड़िता के माता-पिता को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने अपने स्तर पर एक सामाजिक बैठक भी बुलाई थी। जहां युवक के परिजनों ने युवती को रखने से मना कर दिया था जिसके उपरांत युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। जहां पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश दिवाकर के खिलाफ धारा 376 (2)(एन) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया था। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी कोरबा श्रीमती ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में चल रहा थी। जिसमें अभियोजन ने साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर मामलों को प्रमाणित किया और माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध पाते हुए उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार मौर्य के द्वारा पैरवी की गई है।

घर के बाहर खेल रहे डेढ़ वर्ष के मासूम को कार ने रौंदा

घटना स्थल पर जुटी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मृतक गौरांश।

एक डेढ़ वर्षीय मासूम अपने घर के बाहर स्थित सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बालक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया लेकिन दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने चक्काजाम कर दिया। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद प्रशासन की समझाइश पर लगभग 2 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। मामला हरदीबाजार चौकी क्षेत्र के ग्राम बोईदा की है। यहां निवासरत विनोद पटेल का डेढ़ वर्षीय इकलौता पुत्र गौरांश पटेल देर शाम लगभग 4 बजे अपने घर के बाहर स्थित सड़क पर ही खेल रहा था। इसी दौरान हरदीबाजार की ओर से सीपत की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 12 बीएल 5486 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर मौजूद गौरांश को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार का चालक सीधे सीपत थाने पहुंचा और जाकर सीपत थाने में खड़ा कर दिया और दुर्घटना की जानकारी दी। उधर दूसरी ओर दुर्घटना को लेकर लोगों में जमकर आक्रोश देखने को मिला और ग्राम बोईदा के ग्रामीणों ने सड़क पर ही चक्काजाम कर दिया।

6 साल के मासूम का अपहरण, महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा क्षेत्र में भिक्षाटन करने वाले परिवार के एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे को उसके पूर्व परिचित महिला अपने साथ उठाकर ले गई थी। परिजनों को जब इसके बारे में पता चला तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। 5 दिन बाद महिला के कब्जे से मासूम बच्चे को पुलिस ने बरामद कर लिया है जहां उसके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का है। कुसमुंडा में ही रामप्रसाद यादव का परिवार निवास करता है। जहां उसका परिवार भिक्षाटन कर अपना जीविकोपार्जन करता है। पुलिस के मुताबिक 10 दिसंबर को रामप्रसाद के 6 वर्षीय पुत्र खेलने निकला था जहां वह अचानक लापता हो गया था। आसपास खोजबीन करने के बाद भी उसका जब कुछ पता नहीं चला तो अगले दिन राम प्रसाद ने इस मामले शिकायत पुलिस से की थी। जहां पुलिस ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर लापता बच्चों की खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच शुक्रवार को कुसमुंडा पुलिस ने कोरबा रेलवे स्टेशन से कमला नामक महिला के कब्जे से मासूम को बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कमला बिलासपुर सरकंडा निवासी है जो रामप्रसाद की पूर्व परिचित है। बताया जाता है कि कमला के बच्चे की मौत हो गई थी जिसके चलते वह राम प्रसाद के पुत्र को अपने साथ रखना चाहती थी। कमला भी क्षेत्र में भिक्षाटन कर अपना जीविकोपार्जन करती है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कमला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

खास बात

- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला

कार्यकारिणी विस्तार पर होगी चर्चा

कोरबा। एसईकेएमसी गेवरा एरिया की बैठक रविवार को गेवरा कार्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सदस्यता अभियान के लिए भी रणनीति तैयार होगा। अध्यक्ष गोपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में एसईकेएमसी की ताकत और बढ़ानी होगी। लगातार दो वर्षों में संगठन गेवरा एरिया में ताकतवर हुआ है। इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ता डी.के.मिश्रा, विकास शुक्ला, धरम सिंह कंवर, हरनाम सिंह, सूर्यकांत पाटले, सीताराम साहू को जाता है।

दो अलग-अलग स्थानों में चोरों ने बोला धावा, जेवरात की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमरैय्यापारा निवासी बृजबिहारी सिंह के मकान में रेलवे में सहायक पायलट के पद पर पदस्थ रामानंद चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे सोने का टॉप, चांदी का पायल, मंगलसूत्र नगद रकम सहित कुल 90 हजार रुपए के माल की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना मोरगा थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। मोरगा क्षेत्र में चोरों ने तीन जगह पर धावा बोला, जिसमें मोरगा स्थित वन विभाग का रेस्ट हाऊस, पास स्थित केंदई के रेंजर के ऑफिस व मोरगा के एक ग्रामीण के घर शामिल है। चोर गिरोह ने कटर का उपयोग करके वहां लगे दरवाजों के कुंडी को काटा। जिले में पहली बार कटर का उपयोग करके दरवाजे के कुंडी को काटा गया है। हालांकि न तो रेस्ट हाऊस व रेंजर ऑफिस और न ही ग्रामीण के घर में चोरों के हाथ नगदी रकम व कीमती सामान लगी। ऐसे में चोरों को ही बैरंग लौटना पड़ा लेकिन कटर से बेधडक़ दरवाजे की कुंडी काटकर चोरी को देखते हुए क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत फैल गयी हैं। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

खास बात

- मानिकपुर चौकी व मोरगा थाना का मामला

एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

कोरबा एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्राम सुवाभोंडी में पौष्टिक आहार किट का वितरण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चैनपुर के अंतर्गत आने वाले गांव चैनपुर एवं सुवाभोंडी के आंगनवाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मे दर्ज गर्भवती व शिशुवती माताओं और बच्चों सहित कुल 212 लाभार्थियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम के साथ आयोजित निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर मे ग्राम पंचायत चैनपुर के लगभग 200 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच दीपका क्षेत्र के डॉक्टरों द्वारा किया गया जिसमे अधिकतर सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीज थे जिनको जांच उपरांत निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गई।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी) प्लाई, सनमाईका, सेन्टिंग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

घर के बाहर खड़ी कार को किया आग के हवाले, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गजरा साइड निवासी सावन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके जीजा महेश कुमार बरेठ अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एएफ 0110 को सावन कुमार के घर के सामने रोड किनारे खड़ा किया था। इस दौरान रात्रि लगभग 12.15 बजे उसकी कार में आग लगाकर दो युवक मोटर सायकल से भाग रहे थे। जिसका स्थानीय लोगों ने पीछा किया और उन दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पकड़े गए युवकों में बांकीमोंगरा निवासी आलोक सिंह कुशवाहा 22 साल पिता चंद्रभान सिंह तथा हर्षित झा बताया गया है। दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 435, 34 के तहत आगजनी किया है। इस आगजनी से गाड़ी मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी.)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

फर्म- डीएम एरोमेटिक्स पंजीयन क्रमांक - 244 / 2016-17 पंजीयन दिनांक- 07/02/2017 का गठन निम्नानुसार परिवर्तित कर दिया गया है ।

आम सूचना (साझेदारी समाप्ति / परिवर्तन)

यह कि भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 की धारा 63 (1) के अंतर्गत एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि फर्म - मेसर्स डीएम एरोमेटिक्स सक्ती में दिनांक- 09/07/2023 को निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं जिसके तहत साझेदार क्रमशः
(1.) श्री मुकेश कुमार अग्रवाल (56 वर्ष) वल्द स्व. श्री लखनलाल अग्रवाल, (2) श्री उमेश कुमार अग्रवाल (54 वर्ष) वल्द स्व. श्री दीनानाथ अग्रवाल, (3.) श्री सतीश कुमार अग्रवाल (47 वर्ष) वल्द स्व. श्री लखन लाल अग्रवाल, (4.) श्री सुमीत अग्रवाल (35 वर्ष) वल्द श्री सुरेश कुमार अग्रवाल

उपरोक्त सभी साझेदार निवासी- पो. / तह. - सक्ती, जिला - सक्ती (छ.ग.) तथा उक्त सभी चारों साझेदार दिनांक – 08/07/2023 तक फर्म में साझेदार के रूप में थे ।

यह कि दिनांक- 09/07/2023 को (1) श्री मुकेश कुमार अग्रवाल (56 वर्ष) वल्द स्व. श्री लखनलाल अग्रवाल, का आकस्मिक निधन हो गया है । और फर्म- मेसर्स डीएम एरोमेटिक्स सक्ती में साझेदारी समाप्ति हो गई है। फर्म के प्रति अपने अधिकारो / दावित्वो से मुक्त हो गये है।
उक्त फर्म में दिनांक- 09/07/2023 से तीन पार्टनर क्रमशः (1.) उमेश कुमार अग्रवाल (2.) सतीश कुमार अग्रवाल एवं (3) सुमीत अग्रवाल तीनों साझेदार ही लेनदेन करेंगे एवं जवाबदार रहेगी ।

आज दिनांक- 21/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं साझेदारी का अनुपूरक विलेख के सील मुहर द्वारा साझेदारी समाप्ति / परिवर्तन किया गया है।

वास्ते-
पार्टनर - सुमीत अग्रवाल
फर्म- डीएम एरोमेटिक्स्
पता— ग्राम— कांदानारा, पो. / तह. - सक्ती, जिला - सक्ती, (छ.ग.) 495689

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)
/ / पेपर प्रकाशन //
रा.प्र.क./ - /अ-2 / 2023-24
ग्राम - सतगढ़ तहसील - मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ठण्डाराम पिता कौशल प्रसाद जाति चंद्रनाहु निवासी सतगढ़ तहसील मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम सतगढ़ तहसील मालखरौदा जिला - सक्ती (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नं. 242 रकबा 0.2830, हे. में से 10 डिस. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने आवेदन पेश किया गया है ।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 20/12/ 2023 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 11/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मूहर लगाकर जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला-सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)
//ईश्तहार//
रा.प्र.क्र./ /अ-2/2023-24
ग्राम-पलाड़ीकलॉ, प.ह.न.-12

श्री संजय कुमार समीर पिता श्री बिसाहू राम निवासी ग्राम पलाड़ीकलॉ तहसील बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.) .....आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन.....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण निवासी ग्राम पलाड़ीकलॉ प.ह.नं.-12 तह-बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार समीर पिता श्री बिसाहू राम निवासी ग्राम पलाड़ीकलॉ तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलाड़ीकलॉ स्थित भूमि-स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1117/3 रकबा 0.04 1/2 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 28/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बाराद्वार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

मुंबई। देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

लाइफ Style

जाह्नवी

छोटी बहन को दी सलाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारेगट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

हॉलीवुड मसाला

ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

लॉस एंजेलिस। दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।

माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।

कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

मुंबई। रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

मुंबई। फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

टीवी मसाला

सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

मुंबई। कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार

टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका

मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ

मुंबई। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

मुंबई। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा

एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

स्वामी आत्मानंद स्कूल में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

अकलतरा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी छात्रों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार वितरित किया गया। जिले के स्कूली बच्चों में तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं मुख्य स्वास्थ्य जागरूकता लाने के लिए यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर स्वाती वंदना सिसोदिया के निर्देश पर एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर वी के पैगवार के मार्गदर्शन पर दंत चिकित्सक डॉक्टर निधि श्रीवास्तव एवं दंत सहायक श्रीमती अनीता ओग्रे द्वारा किया किया गया, जिसमें मुख्य रूप से तंबाकू के विरुद्ध बने कानून कोटपा के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया एवं तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मापदंडों के अनुकूल संस्थान को तैयार करने हेतु सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में सम्मिलित शाला की प्राचार्य, शिक्षक गण एवं 120 छात्र-छात्राओं ने तंबाकू का सेवन कभी न करने की शपथ ली एवं समाज को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

लायंस क्लब का निःशुल्क निःसंतान दंपती जांच शिविर आज

चांपा। स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा एवं आर.एल. हॉस्पिटल रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 17 दिसम्बर को प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक लायंस स्कूल में एक दिवसीय निःशुल्क निःसंतान दंपति जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि रायगढ़ के आर.एल. हॉस्पिटल के सहयोग से क्लब द्वारा रायगढ़ की सुप्रसिद्ध आई.वी.एफ. तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल के निःशुल्क निःसंतान दंपति जांच शिविर का आयोजन पूर्व की भांति इस बार भी रविवार 17 दिसम्बर को सुबह 10 से सायं 4 बजे तक लायंस स्कूल भवन में किया जा रहा है। शिविर में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा निःसंतान दंपतियों को उपलब्ध रहेगी। शिविर में शुक्राणु जांच की भी निःशुल्क सुविधा प्राप्त होगी। शिविर का लाभ उठाने वाले दंपतियों को अपने पुराने जांच की रिपोर्ट साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के निःसंतान दंपतियों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

किसान स्कूल बहेराडीह में 23 को मनाया जाएगा किसान दिवस

बहेराडीह। ग्राम बहेराडीह स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में शनिवार 23 दिसंबर को किसान दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान गांव के स्कूली बच्चे अनेक प्रकार की मॉडल प्रस्तुत करेंगे। इस बीच किसानो के बच्चे, प्रगतिशील किसान और बिहान समूह की महिलाएं लोकगीत, और क़ृषि क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि 23 दिसंबर को किसान स्कूल में किसान दिवस धूमधाम से मनाई जायेगी। इस अवसर पर किसान के बच्चों के लिए क़ृषि आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें परम्परागत क़ृषि पद्धति, समन्वित क़ृषि प्रणाली, जैविक क़ृषि, प्राकृतिक खेती, वर्मीवाश इकाई, सौर ऊर्जा, समेत अन्य मॉडल प्रस्तुत किये जायेंगे। किसान दिवस के अवसर पर न सिर्फ स्कूली बच्चे रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे, बल्कि प्रगतिशील किसान और महिलाएं भी लोक गीत, की प्रस्तुति देंगी। जिले के किसानों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। वहीं प्रगतिशील किसान क़ृषि क्षेत्र में अपना अनुभव ब्यक्त करेंगे। विलुप्त हो रहीं अनेक प्रकार की चीजों को सहेज कर एक जगह पर रखने के उद्देश्य से किसान स्कूल में संग्रहालय बनाया गया है, जिसे धरोहर का स्वरूप दिया गया है। इस संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के कई जिलों के किसानो ने मिलकर अलग अलग प्रकार की विलुप्त चीजों को किसान स्कूल में रखा है। किसान स्कूल के टीम ने पुरखा का सुरता अभियान की शुरुआत किया है।

पुटपुरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम, पात्र हितग्राहियों को दिया गया योजनाओं का लाभ

विकसित भारत यात्रा के माध्यम से आम लोगों को मिलेगी शासन की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का प्रदेश में शनिवार 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पुटपुरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा लोकसभा के सांसद गुहाराम अजगले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक नारायण चंदेल, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर के खूंटे, गुलाबसिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सांसद गुहाराम अजगले ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रारंभ हमारे जिला जांजगीर चांपा के ग्राम पुटपुरा से हो रहा है। आज हमारे राज्य में ही नहीं पूरे देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा के माध्यम से आम लोगो को शासन की योजनाओं की जानकारी मिलेगी तथा उन्हें लाभ प्राप्त होगा।

जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाते अतिथिगण।

सांसद गुहाराम अजगले ने उपस्थित सभी नागरिकों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाकर जानकारी दी गयी एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया तथा जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। इसके अलावा शिविर में उज्ज्वला योजना के तहत 23 हितग्राहियों को कनेक्शन प्रदान किया गया एवं डिजिटल इंडिया भू अभिलेख अंतर्गत ग्राम पुटपुरा के समस्त राजस्व रिकार्ड को ऑनलाइन किया गया है, जिससे आमजन नक्शा खसरा को ऑनलाइन देख सकते हैं। इसके साथ ही हितग्राहियों को खसरा बी-1, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इसके साथ ही विकासखंड अकलतरा के ग्राम पंचायत तिलई में, बलौदा के ग्राम पंचायत चारपारा में, बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत हथनेवरा में और पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुलमुला में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुलमुला से हुआ जनपद स्तरीय यात्रा का शुभारंभ

मूलमुला। जनपद स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर को ग्राम पंचायत मूलमुला से हुआ। संकल्प यात्रा का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमारा संकल्प विकसित भारत संकल्प यात्रा के भारत सरकार के समस्त योजनाओं का समय बढ़त योजना तरीके से देश अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। अतिथि के रुप में जनपद अध्यक्ष राजकुमार पटेल, जनपद सदस्य मूलमुला अमितेंद्र सिंह ,पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष लहरें, मंडल अध्यक्ष विकास वर्मा, सरपंच श्रीमती यशोदा महिलागे सहित भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प रथ के मुलमुला पहुंचते ही पटाखे फोड़कर स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। विकास खंड स्तरीय सभी विभाग द्वारा केंद्रीय योजना प्रदर्शित कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ आर के खूटे, एसडीएम आर के तंबोली, सीईओ जनपद पंचायत पामगढ़ एल के कौशिक, एसडीओ डीओ, जनपद पंचायत स्तरीय सभी अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

साफ-सफाई करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

पौधरोपण कर किया साफ-सफाई का कार्य

सक्ती। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आमजन को योजनाओं से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में वर्चुअली किया गया। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ते हुवे हितग्राहियों से चर्चा किए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर से, उप मुख्यमंत्री अरूण साव बिलासपुर से और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा से वर्चुअली कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पौधरोपण और साफ-सफाई का कार्य भी किया। मुख्य अतिथि श्री सुशांत शुक्ला, कलेक्टर और एसपी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मोदी सरकार की गारंटी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, डॉ. खिलावन साहू, कृष्णकांत चंद्रा, गगन जयपुरिया, रामनरेश यादव, विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं, किसान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नवधा रामायण में भगवान श्रीराम के चरित्रों का किया जा रहा वर्णन

पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नैला-जांजगीर

श्री शिवशक्ति धर्म सेवा समिति नैला द्वारा श्री राममंदिर रेलवे स्टेशन के सामने नैला में नवधा रामायण का आयोजन किया गया है।

नवधा रामायण का शुभारंभ शुक्रवार 15 दिसंबर को हुआ। वहीं समापन रविवार 24 दिसंबर को हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ होगा। मानस मंडलियों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पावन चरित्र का वर्णन किया जा रहा है। चयनित मंडलियों का फाइनल प्रतियोगिता 23 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में चयनित मंडली को प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए दिया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार 6001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए, चतुर्थ 4001 रुपए, पंचम 3001 रुपए, षष्ठम 2001 रुपए दिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मंडली को 11 सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं नगरवासी जुटे हुए है।

आईटीआई नंदेलीभाठा में प्लेसमेंट कैंप 22 को

जांजगीर-चांपा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. सक्ती (नंदेलीभाठा) में एक दिवसीय प्लसेमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राईवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटीव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटीव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र सक्ती, खरसिया रहेगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप भाग ले सकते है।

प्री-क्रिसमस उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांप

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में प्री-क्रिसमस समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

संस्था में प्रार्थना सभा व प्री-क्रिसमस के उपलक्ष्य में रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति बाल वाटिका व कक्षा- 1 और 2 विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। जिसमें बाल वाटिका से

■ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

लेकर कक्षा-2 तक के विद्यार्थी क्रिसमस के परिधानों में शाला में उपस्थित हुए। शिक्षिका प्राची बंश्रीयर के द्वारा प्रार्थना सभा की शुरूआत प्रभु से प्रार्थना की गई। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के द्वारा कैरल गीत की प्रस्तुति दी गई। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने ईसा मसीह के जन्म से संबंधित गीतों का आनंद लिया तत्पश्चात संस्था की शिक्षिका श्रीमती मिनीमोल थॉमस ने क्रिसमस का विशेष संदेश के रूप में विद्यार्थियों को प्रभु यीशु के जन्म तथा संता क्लास (निकोलस) की कहानी सुनाई। कक्षा नवमीं के विद्यार्थी श्रेय मसीह के द्वारा बाइबल से ''लुका 2 अध्याय 1 से 14 तक'' का पठन करके यीशु के जन्म का अध्याय का वाचन किया गया। कक्षा नर्सरी, एल.के.जी, यू.के.जी, कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न वेश-भूषा में जैसे संता क्लास, स्नोमेन, एंजल परी आदि बनकर बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुति दी जैसे- ''जिंगल बैल डॉन्स, संता क्लास आते हैं आदि। जिसमें सभी विद्यार्थी करतल ध्वनी के साथ झूमने और नाचने लगे। चेयरमेन आलोक अग्रवाल ने सभी बच्चों को सबोधित करते हुए सेफ टच और अनसेफ टच के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य सोनाली सिंह ने भी विद्यार्थियों को यीशु के जन्म के कारण को समझाया साथ ही अपने मन और विचारों से बुराई को हटाकर विचारों में शुद्धता लाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

बाल शोध मेला में 250 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

पामगढ़। संकुल केंद्र सिल्ली में बाल शोध मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संकुल समन्वयक सिल्ली खमेश्वर बंजारे और अजीम प्रेमजी के सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बाल शोध मेले में संकुल केंद्र के सभी चार प्राथमिक शाला एवं तीन पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों द्वारा पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित किया गया।

हिंदी, अंग्रेजी ,गणित विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान कार्नर थे। इसमें बच्चो को बहुत कुछ सीखने को मिला। साथ ही पूर्व मा शाला सिल्ली एवं प्राथमिक शाला के बच्चों के द्वारा बाल मेले के रूप में विभिन्न खाने के समान, स्टाल द्वारा लगाया गया। इस कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक शामिल हुए। साथ ही समय पर उपस्थिति एवं समय के साथ बच्चों के पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के निर्देश भी दिया। बच्चों के प्रस्तुत स्वागत गीत और नृत्य पर बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में नगद राशि उपहार स्वरूप दिए। इस अवसर पर ग्राम सिल्ली के सरपंच श्रीमती रेवती गढ़ेवाल, विश्वनाथ गढ़ेवाल, जगेश्वर प्रसाद सांडे, श्रीमती निर्मला कौशिक प्रधान पाठक,संकुल प्राचार्य सिल्ली, मधुसूदन शर्मा,

छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

सीएसी कूटीघाट, टेकराम कुर्रे सी ए सी ब्यासनगर, भागवत खन्ना सी ए सी डोंगाकोरौद, चंद्रमोहन तिवारी सीएसी मुड़पार ब, रूपलाल खूंटे, चंद्रभान सिंह मरकाम, मनोज यादव, नीलिमा सिंह, रिषि गोस्वामी केशव पटेल के साथ साथ संकुल सिल्ली के शिक्षक शिक्षिका उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में संकुल के 4 प्राथमिक एवं 03 पूर्व माध्यमिक शाला के 250 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन बल्लूराम चंद्राकार ने किया गया।

मठ मंदिर शिवरीनारायण में सीताराम विवाह महोत्सव आज

शिवरीनारायण। श्री शिवरीनारायण मठ में सीताराम विवाह महोत्सव की तैयारी बड़े जोरों से चल रही है। इसके लिए मंडप सज- धज कर तैयार हो चुका है। साउंड एवं लाइट व्यवस्था की गई है। महोत्सव परंपरागत रूप से मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी तदनुसार 17 दिसंबर रविवार को संपन्न होगा। शाम 4 बजे भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए शिवरीनारायण मठ से निकाली जाएगी जो पुनः शाम 6 बजे मठ पहुंचेगी। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस कार्यक्रम में शिवरीनारायण नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेते हैं।